वर्तमान समाजवाद टाइम्स

लखनऊ,र

नारी शिक्षा निकेतन पी जी कॉलेज, में लखनऊ मतदाता जागरूकता रैली तथा शपथ ग्रहण का किया गया आयोजन

लखनऊ। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित सभी अभियान निर्वाचन आयोग की SVEEP योजना के अंतर्गत अनवरत आयोजित किए जा रहे हैं। अनेकानेक कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 6 अप्रैल 2024 को अपराह्न 11 बजे एक रैली का आयोजन किया गया जिसे प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा के द्वारा महाविद्यालय द्वार से रवाना किया गया। रैली का नेतृत्व महाविद्यालय की मतदाता जागरूकता समिति की सदस्या प्रोफेसर वंदना उप्रेती, प्रोफेसर सुमन मिश्रा, प्रोफेसर सुनीता सिंह और प्रोफेसर सुनीता कुमार ने किया। महाविद्यालय की छात्राएं मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर, स्लोगन पट्टिकाओं के साथ महाविद्यालय के आस पास स्थित स्थानों पर गई और उन्होंने लोगों को मतदान के बारे में जागरूक किया। रैली में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई।